पंजाब केसरी

Date: 16.04.2024

विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में अभिभावक-शिक्षक बैठकें आयोजित

जींद, 15 अप्रैल (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान और वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से शुक्रवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किय गया। इसमें विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद मलिक ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि किसी छात्र की शैक्षणिक प्रगति के बारे में माता-पिता और शिक्षकों के बीच कुशलतापूर्वक संवाद करने से छात्रों के प्रदर्शन में वृद्धि हो सकती है। इससे शिक्षकों को छात्रों को उनके शैक्षणिक लक्ष्यों की ओर सही दिशा में आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। अभिभावकों का बैठक में आना न केवल विद्यार्थियों के विकास की सकारात्मक सीढ़ी है, बल्कि विभाग की प्रगति में भी सहायक है।

बैठक में बातचीत करते हुए सभी को अवगत करवाया गय कि विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए भी बहुत सी सुविधाएं उपलब्ध हैं छात्रों को इनका लाभ उठाना चाहिए। विश्वविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों की चर्चा की गई जो विद्यार्थियों की व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर सभी अभिभावकों ने अपने विचारों का भी आदान-प्रदान किया और विभाग के संदर्भ में अपनी प्रति पुष्टि प्रदान की ताकि विभाग निरंतर उन्नति कर सके। अभिभावकों ने भी बताया कि विभाग में प्रवेश के पश्चात बच्चों में बहुत अधिक परिवर्तन आया है। वह पहले से जिम्मेदार हैं और अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं करने लगे हैं। इस अवसर पर भौतिक विभाग से डॉ. निशा, डॉ. सुनील रोहिल्ला व वनस्पति विभाग से अध्यापक डॉ. दीपक बामल, पवन फोर उपस्थित रहे।

आर्य स्कूल : आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अहिरका में सरकारी आदेश के अनुसार विद्यालय प्रबंधन कमेटी व प्रिंसीपल द्वारा पी.टी.एम. का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों की सुरक्षा से संबंधित सुझाव पर चर्चा की गई। इस मीटिंग की जानकारी सभी अभिभावकों को रविवार को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पहुंचा दी गई थी। इसके बाद सोमवार पी.टी.एम. में सभी अभिभावकों ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चर्चा में बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुछ सुझाव दिए। सभी सुझावों को विद्यालय कमेटी द्वारा लिखित रूप में दर्ज कर लिया गया और भविष्य में उन सभी सुझावों को सुचारू रूप से प्रयोग में लाने का आश्वासन प्रबंधन कमेटी व प्रिंसीपल द्वारा दिया गया।

मीटिंग में भाग लेते अभिभावक।

गोपाल स्कूल : गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए डी.सी. के आदेशानुसार आज विद्यालय प्रशासन द्वारा अभिभावकों के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षक अभिभावक एसोसिएशन की अध्यक्षा संगीता, उपाध्यक्षा प्रीति जैन, प्राचार्य बलबीर, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता नरेन्द्र व विभिन्न अभिभावक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विभिन्न कक्षाओं में पढ़ने वाले छात्रों के अभिभावकों द्वारा विद्यालय के विकास के लिए अनेक प्रकार के सुझाव दिए गए। प्राचार्य द्वारा अभिभावकों को संतुष्ट करते हुए उनके सुझावों का स्वागत किया गया तथा निकट भविष्य में विद्यालय व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के विकास में अभिभावकों की भूमिका अहम होती है, इसलिए छात्रों के सर्वांगीण विकास में भी अभिभावकों का सहयोग अपेक्षित रहता है। आज बदलते समय के अनुसार हमें अत्यधिक जागरूक होने की आवश्यकता है।

पी.टी.एम. में भाग लेते अभिभावक।